राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

प्रदेश में उच्च शिक्षा के नवाचारों, नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की दी जानकारी

जयपुर, 11 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। श्री मोदी से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

श्री मिश्र ने प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान प्रदेश में संविधान जागरूकता के लिए विश्वविद्यालयों में संविधान पार्को के निर्माण, नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए उठाए जा रहे कदमों और उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के लिए किए जा रहे प्रयासों और नवाचारों के बारे में उन्हें जानकारी दी।

राजस्थान में कोविड के दौरान भी राजभवन द्वारा वर्चुअल सक्रिय रहते दीक्षान्त समारोह किए जाने और कोविड के दौर में जनचेतना के लिए राजभवन द्वारा आम जन को निरन्तर सजग रहने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी राज्यपाल ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को जानकारी दी।

राज्यपाल श्री मिश्र की रक्षा मंत्री एवं केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री से मुलाकात

जयपुर, 11 अगस्त । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुधवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह से उनके निवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र भी मौजूद थी।
इससे पहले राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी से उनके निवास पर भेंट की।
राज्यपाल श्री मिश्र ने उनसे प्रदेश में सड़क परिवहन के सुदृढ़ीकरण एवं अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

राज्यपाल ने राष्ट्रपति से की शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 11 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद से बुधवार को राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की।
राष्ट्रपति से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

राज्यपाल श्री मिश्र की केन्द्रीय गृह मंत्री से मुलाकात

जयपुर, 11 अगस्त । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से उनके निवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र भी मौजूद थी।